यातायात माह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध हुई प्रभावी कार्यवाही

श्रावस्ती यातायात माह 24 के क्रम में प्रभारी यातायात मो0 शमीम द्वारा थाना गिलौला क्षेत्रान्तर्गत नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज गिलौला जनपद श्रावस्ती में समस्त छात्र/छात्राओ को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट का वितरण किया गया । जागरुकता कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मादक पदार्थो का सेवन करके वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दो पहिया व बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करने तथा तेज स्पीड से वाहन न चलाने, आदि के प्रति जागरुक किया गया । साथ ही यातायात प्रभारी द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानो स्थान पर अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बैठक सम्पन्न

पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर अपने विचार किए साझा

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

श्रावस्ती | जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत संचालित विभिन्न अभियानों व महिला बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के सम्बन्ध में बैठक की गई। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित विशेष अभियानों पर जोर देते हुए अधिकारियों को सघन रूप से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे इन अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएं और सुनिश्चित करें कि जनहित में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हों।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने महिला बीट प्रणाली की महत्ता को रेखांकित करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा से जुड़े सभी अभियानों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सभी बीट अधिकारी महिलाओं के साथ नियमित संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर रहें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला बीट प्रणाली के माध्यम से महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जा रहा है।इस बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने महिला सुरक्षा और अन्य अभियानों के सफल क्रियान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि वे महिला सुरक्षा के क्षेत्र में समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेंगे। सभी अधिकारियों ने इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए अपने-अपने विभागों से संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।